राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
National Institute of Fashion Technology
(Ministry of Textiles, Govt. of India)
मीठापुर फार्म. पटना / Mithapur Farms, Patna - 800001
Contact Number:

NIFT/Patna/Recruitment & Career/Group A/Adhoc Faculty/2024 दिनांक:13/09/2024

## निफ्ट, विस्तार केंद्र बेगूसराय में अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की स्थापना 1986 में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा की गई थी। यह भारतीय संसद के एक अधिनियम (2006) के तहत एक वैधानिक संस्थान है, जिसके "विजिटर" भारत के राष्ट्रपति हैं। निफ्ट के देश भर में 18 पेशेवर रूप से प्रबंधित पूर्ण परिसर हैं। निफ्ट पटना परिसर 2008 से क्रियान्वित है जो मीठापुर फार्म, पटना -800001 में स्थित है।

निफ्ट पटना प्रासंगिक योग्यता और अनुभव के आधार पर 55,000/- रुपये प्रति माह के समेकित मासिक वेतन पर छह महीने की अवधि के लिए **अल्पकालिक अनुबंध** के आधार पर **"सहायक प्रोफेसर"** के पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट आकार की तस्वीर, पता, संपर्क विवरण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि सहित अपने विस्तृत सीवी को **04-10-2024** तक या उससे पहले ई-मेल recruitmentcell.patna@nift.ac.in के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

किसी भी प्रश्न/पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें: श्री मोहम्मद शादाब समी, संयुक्त निदेशक (प्रभार), भर्ती प्रकोष्ठ, निफ्ट पटना, फोन/मोबाइल नंबर 9588224131

### 1. पद का विवरण/पात्रता मानदंड

| क्रम सं. | श्रेणियाँ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | सहायक प्रोफेसर |
| 2. | पद की संख्या | 02 |
| 3. | शिक्षा एवं अन्य योग्यताएं | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातकोत्तर(पोस्ट ग्रेजुएट) डिग्री प्राप्त की हो और अनुलग्नक-बी में उल्लिखित किसी भी क्षमताओं में तीन वर्षों का अनुभव (स्नातक डिग्री के बाद का अनुभव भी शामिल) हो, जो कि किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में शिक्षण, शोध या संबंधित उद्योग में हो।<br>**अथवा**<br>अनुलग्नक-बी में उल्लिखित किसी भी योग्यता से संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से पीएचडी, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान में शिक्षण या अनुसंधान या प्रासंगिक उद्योग में एक वर्ष का अनुभव {पूर्व-योग्यता (स्नातक डिग्री के बाद) अनुभव सहित}। |
| 4. | आयु-सीमा | 40 वर्ष (छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार) |

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार
National Institute of Fashion Technology
(Ministry of Textiles, Govt. of India)
मीठापुर फार्म. पटना / Mithapur Farms, Patna - 800001
Contact Number:

**अनुलग्नक-बी**

**संकाय योग्यता कोड और शैक्षिक योग्यताएँ**

| क्रम सं. | योग्यता कोड | योग्यता |
|---|---|---|
| **1.** | A1 | फैशन डिजाइन में बी.डेस के साथ परास्नातक (मास्टर्स) डिग्री |
| **2.** | A5 | निटवियर डिजाइन (Knitwear Design) में बी. डिजाइन के साथ परास्नातक डिग्री |
| **3.** | I2 | फैशन टेक्नोलॉजी/परिधान उत्पादन में स्नातक के साथ परास्नातक डिग्री |

## 2. चयन की प्रक्रिया:

पद के लिए चयन शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। चयन समिति को चयन मानदंडों को उचित समझे जाने के अनुसार तैयार करने का अधिकार होगा।

## 3. महत्वपूर्ण निर्देश:

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. यह पद केवल छह महीने की अवधि के लिए अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर भरा जाना है।
3. पद के लिए चयन उम्मीदवार की उपयुक्तता के आधार पर किया जाएगा, जिसका निर्धारण निफ्ट पटना द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।
4. निर्धारित योग्यताएं न्यूनतम हैं। केवल आवश्यक योग्यताएं और अनुभव रखने और उन्हें पूरा करने से ही उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिए नहीं बुलाया जा सकता। चयन से पहले या बाद में आवेदक से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। निफ्ट का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।
5. अपूर्ण आवेदन पत्र या उन आवेदन पत्रों को, जो बिना फोटो, प्रमाणित प्रतियों जैसे शैक्षिक योग्यताएँ, जाति/समुदाय/अनुभव आदि की आवश्यक प्रमाणपत्रों के बिना प्राप्त होंगे, और जो निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होंगे, वो बिना उम्मीदवारों को सूचना दिए तत्काल अस्वीकार कर दिए जाएंगे इस संबंध में कोई और पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

6. आवेदकों को पद की आवश्यक योग्यताओं और विज्ञापन में निर्धारित अन्य शर्तों को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक पूरा करना चाहिए। आवेदन करने से पहले उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक पद के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यताएँ और अनुभव रखते हैं। पात्रता के संदर्भ में किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. सीवी की जांच की जाएगी ताकि उम्मीदवारों की पात्रता और उपयुक्तता को सुनिश्चित किया जा सके, और केवल शार्टलिस्टेड उम्मीदवारों पर विचार किया जायेगा / उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

8. आवेदक(कों) को चयन समिति के साथ बातचीत के लिए उपस्थित होना पड़ सकता है ताकि निफ्ट, पटना की विशिष्ट आवश्यकताओं के संदर्भ में उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन किया जा सके।

9. यदि प्रस्तुत किया गया कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो अभ्यर्थी द्वारा विधिवत् सत्यापित उसकी प्रतिलिपि (ट्रांसक्रिप्ट) प्रस्तुत की जानी होगी।

10. पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

11. आवेदकों को इस विज्ञापन में प्रदान की गई विभिन्न जानकारी के संबंध में सही/मान्य डेटा प्रदान करने की सलाह दी जाती है। यदि आवेदक द्वारा गलत जानकारी दी जाती है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आवेदन को अस्वीकृत किया जा सकता है।

12. आवेदक द्वारा दी गई जानकारी एवं मूल दस्तावेजों की जानकारी के बीच किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

13. निफ्ट के द्वारा पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, और साक्षात्कार के संचालन से संबंधित सभी मामलों में लिया गया निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

14. निफ्ट को इस अधिसूचना को किसी भी समय संशोधित/रद्द/वापस लेने का अधिकार है। संस्थान को किसी भी या सभी आवेदन को बिना किसी कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार भी प्राप्त है।

15. किसी भी रूप में प्रचार करना और/या किसी भी प्रकार का राजनीतिक या अन्य प्रभाव डालना पद के लिए अयोग्यता के रूप में माना जाएगा।

16. किसी भी अंतरिम जांच या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। निफ्ट पटना समाचार पत्रों आदि में भर्ती प्रक्रिया के बारे में नोटिस जारी नहीं करेगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपडेट के लिए निफ्ट पटना की वेबसाइट देखें।

17. निफ्ट में रोजगार, संस्थान द्वारा समय-समय पर अधिसूचित नियमों और विनियमों, सेवा शर्तों द्वारा शासित होगा।

*****